No. of Printed Pages : 8

**ई.एच.डी.-7**

03034

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## जून , 2011

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

## ई.एच.डी.-7 : हिन्दी भाषा की संरचना

*समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100 (कुल का 70%)*

---

**नोट :** *खण्ड* ***'क'*** *में से* ***किन्हीं चार*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए। खण्ड* ***'ख'*** ***अनिवार्य*** *है।*

---

### खण्ड - क

**4x15=60**

1. सामाजिक संस्कारों में भाषा का महत्त्व प्रतिपादित करते हुए रिश्ते-नाते और सामाजिक आचरण की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।

2. 'मुहावरा' और 'लोकोक्ति' में अंतर स्पष्ट करते हुए मुहावरे के प्रमुख अभिलक्षणों का सोदाहरण वर्णन कीजिए।

3. मुख्य क्रिया से क्या अभिप्राय है? इसे स्पष्ट करते हुए इसके विभिन्न प्रकारों पर उदाहरण सहित प्रकाश डालिए।

4. मिश्र वाक्य के बारे में बताते हुए उसके प्रकार भी बताइए। साथ ही विशेषण उपवाक्य की संरचना के बारे में चर्चा करते हुए वर्णनात्मक और निर्देशात्मक उपवाक्यों के बीच के अंतर को स्पष्ट कीजिए।

5. वर्ण और अक्षर के अंतर को स्पष्ट करते हुए हिन्दी की आक्षरिक संरचना का सोदाहरण वर्णन कीजिए।

6. हिन्दी के व्यंजन स्वनिमों का निर्धारण स्थान और प्रयत्न के आधार पर उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।

7. क्रिया विशेषण उपवाक्य की संरचना स्पष्ट करते हुए इसके प्रकारों पर उदाहरण सहित प्रकाश डालिए।

8. देवनागरी के अखिल भारतीय रूप को विकसित करने की आवश्यकता और संभावना पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

## खण्ड - ख

9. उपयुक्त उदाहरण देते हुए ***किन्हीं चार*** पर टिप्पणी लिखिए : 4x5=20

   (a) कोड मिश्रण

   (b) संकर शब्द

   (c) सर्वनाम शब्दों का सामाजिक संदर्भ

   (d) अंत: केंद्रित रचना

   (e) विसर्ग संधि

   (f) अनुनासिक स्वर स्वनिम

   (g) हिन्दी में वाच्य

10. उपयुक्त शब्द चुनकर पूर्ति कीजिए : 5x2=10

   (a) शब्द से प्रतीत होने वाले सांकेतिक अर्थ को ________ कहते हैं। (वाच्यार्थ/लक्ष्यार्थ/व्यंग्यार्थ)

   (b) लिंग, वचन, कारक आदि कोटियाँ ________ से सम्बंधित हैं। (क्रिया/संज्ञा/विशेषण)

   (c) मिश्र वाक्य में आश्रित उपवाक्य ________ । (होता है/नहीं होता है।)

   (d) जब संयुक्त वाक्य द्वारा दो स्थितियों में से एक विकल्प चुनने की बात हो, तो उसे ________ सम्बन्ध कहते हैं। (संयोजक/विभाजक/विरोधवाची)

   (e) 'नीरज' और 'पंकज' ________ पर्यायवाची शब्द हैं। (पूर्ण/अपूर्ण)

**11.** दिए गए निर्देश के अनुसार बदलकर लिखिए। **5x2=10**

(a) राम ने श्याम से अपने साथ विद्यालय चलने को कहा।

(मिश्र वाक्य में बदलिए।)

(b) 'वाक् + मय' को संयुक्त रूप में बदलिए।

(c) समय पर नहीं पहुँचनेवाले लोगों को भीतर आने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

('जो' समुच्चयबोधक जोड़कर मिश्र वाक्य में बदलिए।)

(d) जो सोता है, वह खोता है। (सरल वाक्य में बदलिए।)

(e) मोहन ने घर आकर भोजन किया।

(संयुक्त वाक्य में बदलिए।)

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## जून , 2011

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

## बी.एच.डी.ई.-107 : हिन्दी भाषा की संरचना

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*
*(कुल का 70%)*

---

**नोट :** *खण्ड* **'क'** *में से* **किन्हीं चार** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए। खण्ड* **'ख'** ***अनिवार्य*** *है।*

---

### खण्ड - क 4x15=60

1. भाषा व्यवस्था और भाषा संरचना की संकल्पना स्पष्ट कीजिए।

2. व्यंजन ध्वनियों की उच्चारणात्मक विशेषताएँ बताइए।

3. पदबंध के प्रकार बताते हुए विशेषण पदबंध पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

4. प्रोक्ति की संकल्पना स्पष्ट करते हुए उसके प्रमुख अभिलक्षणों को रेखांकित कीजिए।

5. शब्द और पारिभाषिक शब्द में अंतर बताते हुए पारिभाषिक शब्दावली निर्माण की प्रक्रिया को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

6. देवनागरी के मानकीकरण की आवश्यकता पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

7. 'मुहावरा' और 'लोकोक्ति' में अंतर स्पष्ट करते हुए मुहावरे के प्रमुख अभिलक्षणों का सोदाहरण वर्णन कीजिए।

8. सामाजिक संस्कारों में भाषा का महत्त्व प्रतिपादित करते हुए रिश्ते–नाते और सामाजिक आचरण की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड - ख

9. उपयुक्त उदाहरण देते हुए ***किन्हीं चार*** पर टिप्पणी लिखिए : **4x5=20**

(a) संज्ञा पदबंध

(b) संकर शब्द

(c) सर्वनाम शब्दों का सामाजिक संदर्भ

(d) रूप साधक रूपिम

(e) प्रेरणार्थक क्रिया

(f) समास प्रक्रिया में शब्द निर्माण

(g) हिन्दी में वाच्य

10. उपयुक्त शब्द चुनकर वाक्य पूर्ति कीजिए : **5x2=10**

(a) शब्द से प्रतीत होने वाले सांकेतिक अर्थ को _________ कहते हैं। (वाच्यार्थ/लक्ष्यार्थ/व्यंग्यार्थ)

(b) लिंग, वचन, कारक आदि कोटियाँ _________ से सम्बंधित हैं। (क्रिया/संज्ञा/विशेषण)

(c) संयुक्त वाक्य में आश्रित उपवाक्य _________ । (होता है/नहीं होता है।)

(d) जब संयुक्त वाक्य द्वारा दो स्थितियों में से एक विकल्प चुनने की बात हो, तो उसे _________ सम्बन्ध कहते हैं। (संयोजक/विभाजक/विरोधवाची)

(e) 'नीरज' और 'पंकज' _________ पर्यायवाची शब्द हैं। (पूर्ण/अपूर्ण)

11. दिए गए निर्देश के अनुसार बदलकर लिखिए। 5x2=10

(a) राम ने श्याम से अपने साथ विद्यालय चलने को कहा।

(मिश्र वाक्य में बदलिए।)

(b) 'वाक् + मय' को संयुक्त रूप में बदलिए।

(c) समय पर नहीं पहुँचने वाले लोगों को भीतर आने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

('जो' समुच्चयबोधक जोड़कर मिश्र वाक्य में बदलिए।)

(d) जो सोता है, वह खोता है। (सरल वाक्य में बदलिए।)

(e) मोहन ने घर आकर भोजन किया।

(संयुक्त वाक्य में बदलिए।)

---